हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री


4 कठिन परिश्रम से ही मिलती है सफलता




**खबर संक्षेप**

### नाबालिग मूक-बधिर बालक परिजन से मिला

**बैकुण्ठपुर।** सोनहत के ग्राम भैंसवार में एक मूक-बधिर बालक करीब 8 वर्ष घूमते देखा गया, जिसे बरामद करने के लिए थाना सोनहत से सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, प्रधान आरक्षक जेंडर तिर्की एवं चालक सैनिक महिपाल राजवाड़े रवाना हुए। ग्राम भैंसवार में उक्त बालक को बरामद कर चाइल्ड लाइन बैकुंठपुर को सूचना देकर चाइल्ड लाइन के गौरीशंकर सिंह समन्वयक, केश वर्कर सुशील पैकरा एवं बालक के परिजन की पतासाजी की। इस पर उसके पिता सूरज लाल साहू निवासी तलवापारा बैकुंठपुर एवं उसकी मां को बालक को सुपुर्द किया गया।

### 51 हजार ग्रामीण बने गारंटी योजनाओं के साक्षी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आम लोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। विदित हो कि कोरिया जिले में विगत 16 दिसंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ हुआ था। बैकुंठपुर विकासखंड के अंतर्गत 88 ग्राम पंचायत तथा सोनहत विकासखंड के 42 ग्राम पंचायत में मोदी की गारंटी वैन केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार में लगे हुए थे। इस दौरान बैकुंठपुर विकासखंड के 42 हजार 211 तथा सोनहत विकासखंड में 8 हजार 553 इस तरह 50 हजार 764 ग्रामीण विकसित भारत संकल्प यात्रा के साक्षी बने। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा में 23 हजार 44 पुरूष शामिल हुए, जबकि महिलाओं की संख्या बढ़कर 27 हजार 612 थीं। 108 महत्वपूर्ण गणमान्य व वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। 993 सुरक्षा बीमा, 800 जीवन ज्योति बीमा का पंजीयन किया गया तथा 18 हजार 301 टीबी मरीजों तथा 4 हजार 313 सिकल सेल मरीजों का परीक्षण भी किया गया।

### राजमोहिनी देवी जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

**करवां।** पद्मश्री राजमोहिनी देवी जयंती के अवसर पर विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जुडवानी में संत समाज व ग्राम वासियों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गय। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा उपस्थित थे। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रथम आगमन पर संत समाज भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आप सभी ने मुझे भटगांव विधानसभा में ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाकर कर मुझे विजयी बनाया है जिससे पूरे प्रदेश का सेवा करने का मुझे मौका मिला है। विशिष्ट अतिथि महेश्वर पैकरा ने कहा कि इस गौरव पूर्ण दिवस पर कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है।

### छात्राओं को अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

**लखनपुर।** शनिवार को शासकीय कन्या उमा शाला में पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को साइबर क्राइम, यातायात, नशामुक्ति तथा महिला-बच्चों से संबन्धित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, उनि एलआर चौहान, उनि रंभा साहू ने छात्राओं को नियम-कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। श्री तिवारी ने छात्राओं को मार्गदर्शन भी दिया तथा पुलिस-जनता सहभागिता और बेहतर संबंध के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## कोरिया-एमसीबी के 46 उपार्जन केन्द्रों में हो रही खरीदी

# खरीदी केन्द्रों में बढ़ी धान की आवक, उठाव की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

किसानों से धान खरीदी के लिए अब 21 दिन शेष है, 31 जनवरी तक धान खरीदी होनी है। अब तक कोरिया-एमसीबी के 46 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के बदले राज्य सरकार ने लगभग 227 करोड़ 35 लाख 1940 रूपए का भुगतान कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में सहकारी समितियों में धान की रिकार्ड आवक हुई, लेकिन वर्तमान में उठाव की समस्या अमूमन सभी केन्द्रों में बनी हुई है। दोनों जिलों में अब तक 19658 से अधिक किसानों से करीब 1041457.6 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

विदित हो कि धान खरीदी बीते 1 नवंबर से शुरू हो चुकी है, जो कि 31 जनवरी तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने जिले में कुल 1 लाख 33 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। हालांकि अभी अगले 21 दिन तक धान खरीदी चलेगी। जिले में बरसात बंद होने के बाद मौसम साफ होते ही किसान फिर से बचे हुए धान की कटाई और मिंजाई में लग गए थे। वहीं 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा के बाद धान खरीदी केन्द्रों में भी धान की आवक फिर से एक बार बढ़ने लगी है। ऐसे में धान खरीदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कोरिया में 22 उपार्जन केन्द्र बनाए गए थे। इनमें गिरजापुर, चिरमी, जामपारा, झरनापारा, छिंदिया, तरगवां धौराटिकरा, पटना, पोंड़ी, बैमा, बड़ेकलुआ, रजौली, सरभोका,कटगोड़ी ,सलबा और सोनहत के उपार्जन केन्द्रों में काफी संख्या में किसानों ने धान बेचा है। समितियों के द्वारा दोनों जिलों में अब तक 1041457.6 क्विंटल धान खरीदा गया है। कोरिया जिले में 609552 क्विंटल और एमसीबी जिले में 431905.6 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, इसके लिए किसानों को 227 करोड़ 35 लाख 1940 रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इसमें एमसीबी जिले में किसानों को 942849924.8 रुपए का भुगतान और कोरिया जिले में किसानों को 1330652016 रुपए का भुगतान किया गया है। धान कटाई और मिसाई अब पूर्णता की ओर है, इसलिए उपार्जन केन्द्रों में धीरे-धीरे धान की आवक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में और तेजी आएगी। किसानों का कहना है कि छग में समय पर मानसून की दस्तक के बाद बीच में वर्षा ब्रेक की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस कारण धान की खेती में भी विलंब हुआ। सितंबर के अंतिम दिनों तक धान की रोपाई हुई, इस कारण धान की कटाई और मिंजाई का कार्य भी विलंब से हुआ।

एक नवंबर से धान की खरीदी आरंभ हो चुकी थी, लेकिन समितियों में धान लेकर आने वाले किसानों की संख्या कम थी। इस बीच चुनावी शोरगुल में धान बिक्री को लेकर किसानों में भी ज्यादा उत्साह नहीं दिखा, इसके बाद बेमौसम बरसात के कारण भी किसान धान की कटाई नहीं कर रहे थे, लेकिन अब बारिश थम जाने के बाद सोमवार से धान खरीदी में तेजी आई है। अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए धान लेकर किसान पहुंचने लगे हैं। इस महीने के अंत तक समितियों में धान की आवक बढ़ जाएगी।



**टोकन की लिमिट से खरीदी हो रही प्रभावित**-समिति प्रबंधक ने बताया कि धान खरीदी के लिए एक दिन में टोकन की लिमिट निर्धारित की गई है, इस कारण इसी रेश्यों में काम करना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों में खरीदी केन्द्रों में धान की आवक कम हो रही थी, लेकिन अब बहुत सारे किसान समिति केन्द्रों में पहुंच रहे हैं, खरीदी के लिए लिमिट निर्धारित होने के कारण टोकन जारी करने की एक सीमा होती है। भविष्य में जिला प्रशासन के आदेश के बाद सीमा बढ़ाने पर खरीदी केन्द्रों में आए किसानों से धान खरीदने में लाभ होगा।

### 45 करोड़ से अधिक की ऋण वसूली

दोनों जिलों में अब तक 19658 से अधिक किसानों से 1041457.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा एक अरब 227 करोड़ 35 लाख 1940 रुपए का भुगतान किया गया है। इस भुगतान में से 45 करोड़ 95 लाख 67759 रुपए की ऋण वसूली की जा चुकी है।



तलवापारा स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास फैला कचरा।

# गेज नदी तट पर फैला कचरा नपा से सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका क्षेत्र बैकुंठपुर में गेज नदी तट पर कचरा डंप करने से यहां कचरे का ढेर लगा है। रोजाना बड़ी मात्रा में कचरा यहां इकट्ठा करने से नदी का जल भी दूषित होने लगा है। बड़ी मात्रा में कचरा प्रबंधन के नाम पर गेज नदी तट पर फेंका जा रहा, इससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा, दूसरी ओर इसी नदी से नगर पालिका शहरवासियों को पीने का पानी सप्लाई कर रहा है।

■ दूषित हो रहा नदी का पानी

शहर की देवराहा बाबा सेवा समिति नदी को साफ करने के प्रयास में जुटी है, जिला प्रशासन व नगर पालिका से नदी को साफ करने की मांग की जा रही है। तलवापारा एसएलआरएम सेंटर के पास गेज नदी तट पर गंदगी का अंबार लगा है, शहर के कचरे से लेकर मेडिकल वेस्ट तक यहां फेंका जा रहा है, रोज 4 टीपर ओर ट्रैक्टर ट्रॉली से निकलने वाला करीब एक टन कचरा नदी तट पर डंप हो रहा है। ग्राम पंचायत तलवापारा के लोगों का कहना है कि नगर पालिका बीते कुछ सालों से शहर का कूड़ा कचरा नदी तट पर फेंक रहा है, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका को कचरे की छंटाई कर एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से गीला सूखा कचरा अलग कर इसकी रिसाइकलिंग की ⏭ शेष पेज 4 पर

# 30 गाड़ियों का परिचालन रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दपूमरे के अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी कार्य को लेकर 30 गाड़ियों का परिचालन रद्द किया गया है। रेलवे बिलासपुर के अनुसार अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-एनआई और एनआई का कार्य होना है, इससे यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रेलवे का कहना है कि कार्य के पूरा होते ही गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। 10 से 16 जनवरी तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल और चंदिया रोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। इसी तरह 11,13 और 16 जनवरी को चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल व अनूपपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 05756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल को रद्द किया गया है। 10,12 व 15 जनवरी को रीवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11751 रीवा चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

11, 13 व 16 जनवरी को चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। 9 से 16 जनवरी तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर अंबिकापुर एक्सप्रेस, 10 से 17 जनवरी तक अंबिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11266 अंबिकापुर जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 9 से 15 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस व 10 से 16 जनवरी तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द किया गया है।



**तीसरी लाइन कनेक्टिविटी कार्य का असर**

### अंबिकापुर-शहडोल अनूपपुर तक ही चलेगी

10 से 16 जनवरी तक अंबिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08750 अंबिकापुर शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर स्टेशन में समाप्त होगी और अनूपपुर शहडोल के बीच रद्द रहेगी। इसी प्रकार 10 से 16 जनवरी तक शहडोल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08749 शहडोल अंबिकापुर मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर से शुरू होगी और शहडोल अनूपपुर के बीच रद्द रहेगी।

# मधुमक्खियों के हमले में महिला समेत दो की मौत

**अम्बिकापुर।** मधुमक्खियों के अलग अलग हमले की घटना में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। ग्रामीणों को उपचार के लिए गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। लखनपुर अंतर्गत ग्राम बेलदगी धुईभवना निवासी 65 वर्षीय रामहित सिंह पैकरा आ. स्व. जगत राम पैकरा 5 जनवरी को मनखाडिहारी जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान वृद्ध पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना घटना मणिपुर थाना अंतर्गत रामपुर की है। रामपुर निवासी 55 वर्षीया रामबाई पति श्याम लाल पनिका घर के समीप काम कर रही थी इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने वृद्धा पर हमला कर दिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर परिजन व आस पास मौजूद लोगों ने कंबल डालकर उसे बचाया और रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। मधुमक्खियों के हमले में दो की मौत के बाद मामले में अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

# 40 वर्षों से सिर्फ चाय पर जीवित है पल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आस्था और आध्यात्मिक मार्ग में लौकिक गतिविधियां कब पारलौकिक में बदल जाए यह कोई नहीं जानता। छग के कोरिया जिले में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर बर्दिया गांव में रहने वाली पल्ली देवी पिछले 40 वर्षो से महा उपवास पर हैं। लोग महिला को भगवान शिव की भक्त बताते हैं। कई सालों से महिला सिर्फ चाय पर ही जीवित है। स्थानीय लोग महिला को चाय वाली चाची के नाम से जानते हैं। लोग बताते हैं कि सन्‌ 1985 से महिला निराहार रहकर भक्ति करती है। 40 वर्षों से महिला को केवल चाय पर ही जीवित देखकर ज्ञान विज्ञान भी हैरान है।

■ शिव आराधना में रहती है लीन

पल्ली देवी बताती है कि शादी के बाद जैसे ही मांग में सिंदूर लगा तब से उन्होंने अन और जल त्याग दिया, इसके बाद पति के घर को छोड़कर मायके आने के बाद फिर कभी ससुराल नहीं गई। वर्षों से भगवान शिव की पूजा करते हुए आज तक अन्न का एक दाना तक नहीं छुआ। वर्तमान में पूजा के बाद रात में सिर्फ एक बार वह लाल चाय ही पीती है। पल्ली देवी के पिता रतिराम बताते हैं कि जब वह छठवीं कक्षा में थी तब से ही उन्होंने भोजन त्याग दिया था। वहीं भाई का कहना है कि जब से होश संभाला है वह अपनी बहन को इसी तरह देखते आ रहे हैं। उनकी 1985 में शादी होने के बाद से वह दोबारा अपने ससुराल नहीं गई हैं।

### शिव भक्ति में रमी है भक्तिन

स्थानीय लोगों की आस्था पल्ली देवी से जुड़ी है। लोग बताते हैं कि वह शिव की अनन्य भक्त हैं। वहीं पल्ली देवी का कहना है कि उन्हें अंतर प्रेरणा होती है। अंतर्मन में भगवान उनसे बातें करते हैं। शुरूआती दिनों में वह दूध की चाय पीती थी, लेकिन कुछ साल बाद ही उन्होंने लाल चाय पीना शुरू कर दिया। आज करीब 40 साल बीत गए हैं, लेकिन उन्हें भोजन करने की इच्छा नहीं होती। वह सिर्फ अपने भगवान के साथ ही रहना चाहती हैं।



# महिलाओं ने बेचा 14 लाख से अधिक का गोबर पेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दीनदयाल उपाध्याय राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं को स्वरोजगार के लिए निरंतर रीपा केन्द्रों में स्वरोजगार की गतिविधियां संचालित हो रही हैं और इनसे जुड़कर महिलाओं को आर्थिक लाभ भी हो रहा है।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे हुए ग्राम पंचायत मझगवां स्थित गौठान में बनाए गए ग्रामीण औद्योगिक पार्क में गोबर पेंट बनाकर अब तक समूह की महिलाओं ने 14 लाख 80 हजार रूपए का व्यवसाय किया है। इस गोबर पेंट विक्रय से अब तक समूह की महिलाओं को लगभग 3 लाख रूपए से ज्यादा का लाभ भी प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में महिला समूहों को जोड़कर बिहान के माध्यम से निरंतर पहले अल्प बचत और फिर उसी से आगे स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है,इसके साथ ही महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना कर उन्हें व्यवसायिक गतिविधियों में भी संलग्न कर आत्म निर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। कोरिया एवं एमसीबी जिले को मिलाकर अब तक 10 ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाए गए हैं,इनमें अलग-अलग समूह की महिलाओं के माध्यम से उनकी आजीविका गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है।

महात्मा गांधी रीपा के संचालन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि कार्य दिवसों में प्रातः 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सभी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में समूह में संलग्न महिलाओं के द्वारा निरंतर गतिविधियां की जा रही हैं। इनमें लगातार मांग अनुसार उत्पादन की प्रक्रिया भी संचालित हो रही हैं। कोरिया जिले ⏭ शेष पेज 4 पर



पेंट को बिक्री के लिए तौलती महिलाएं।

### विभिन्न मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**केदमा।** भाजपा मंडल उदयपुर के शक्ति केंद्र केदमा भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक राजेश अग्रवाल को से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने सरगुजा के अंतिम गांव मतरिंगा से कोरबा के गांव थमलडहहा तक की सड़क निर्माण की मांग की जिसकी दूरी 12 किमी है। प्रत्येक वर्ष लोग स्वयं निर्माण कर आना जाना करते है। सड़क बन जाने से रायगढ़ तथा कोरबा की दूरी काफी कम हो जाएगी। मूसरडांड से मतरिंगा मुख्य मार्ग तक पुलिया सहित डेढ़ किमी सड़क निर्माण, केदमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एंबुलेंस सुविधा, केदमा मिनी स्टेडियम की मांग की गई।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राही मोबाइल पर करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा कि आवास स्वीकृति के नाम से किसी भी व्यक्ति द्वारा राशि मांग की जाती है तो सीधे पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

■ भ्रष्टाचार या पैसे की मांग पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें 2011 (एसईसीसी)के सर्वे अनुसार पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृत की जाती है। इसमें सबसे पहले आवास साफ्ट में हितग्राहियों का पंजीयन करना रहता है। पंजीयन के लिए हितग्राही का आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मनरेगा जॉब कार्ड, मोबाईल नंबर आधार सहमति प्रपत्र एवं शपथ पत्र जनपद पंचायत द्वारा आवास साफ्ट में पंजीयन किया जाता है, फिर जिला पंचायत से आवास की स्वीकृत की जाती है। स्वीकृति पश्चात 4 किश्तों में 1.30 लाख एफटीओ ⏭ शेष पेज 4 पर

## बहुरूपिया प्रतियोगिता में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी हुए शामिल

# एकल में वीर हनुमान, समूह में हिट एंड रन पर प्रस्तुति ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी चिरमिरी में बहुरूपिया प्रतियोगिता का आयोजन यूथ क्लब के द्वारा 7 जनवरी को हल्दीबाड़ी में आयोन किया गया। बहुरूपिया प्रतियोगिता एमसीबी जिले के चिरमिरी में एक अनोखा आयोजन के रुप में देखा जाता है। कार्यक्रम के शुरूआत में यूथ क्लब अध्यक्ष संजय सिंह ने मंच के माध्यम से कलाकारों तथा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया, साथ ही कलाकारों समेत शहर के व्यापारी संघ को बधाई दी। 7 जनवरी की सुबह यहां की सड़कों पर अजीबो-गरीब वेशभूषा में लोग सड़कों पर दिखने लगे, कोई भगवान बनकर घूम रहा था, तो किसी ने राक्षस का रूप धारण किया था। इस दौरान एकल में 51 तथा समूह में 40 प्रतिभागियों ने इस परेड में हिस्सा लिया। यह चिरमिरी के लोगों द्वारा नए साल का स्वागत करने का एक मनोरंजक तरीका है। हल्दीबाड़ी इलाके में शुरू हुई इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी निर्धारित चौक-चौराहों में कई स्थान पर बैठे जजो के सामने से गुजरते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करते रहे। झॉकी में इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा मिशन चंद्रयान, सड़क हादसों में हो रही मौत को कैसे रोका जाय, हीट एण्ड रन की उपयोगिता,वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना, चिरमिरी में लगातार घटती आबादी व बंद हो रही खदान, बेटी बचाओ, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने, स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण, पेड़ लगाओ, नशा मुक्ति सहित कई अनेकों ⏭ शेष पेज 4 पर



सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

### ये रहे स्पर्धा के विजेता

बहरूपिया प्रतियोगिता का विजेता वीर हनुमान बने,जिन्हें प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रथम पुरस्कार दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में टॉप 10 कलाकारों को भी मुख्य अतिथि द्वारा इनाम बांटी गई। इन प्रतिभागियों में एकल में प्रथम स्थान पर वीर हनुमान का रूप लिए आदित्य, द्वितीय स्थान पर भगवान हनुमान बने अर्जुन जायसवाल, तीसरे स्थान पर इंस्टाग्राम पागल रिटर्न का किरदार निभा रहे भुवनेश्वर रजक, चतुर्थी स्थान पर राम मंदिर निर्माण का जश्न मनाते आदिवासी का रूप लिए आचमन सिंह और पांचवें स्थान पर सिकंदर बने हरिराम यादव रहे। समूह में प्रथम स्थान पर हिट एंड रन पर प्रस्तुति दे रहे जान मारे ग्रुप द्वितीय स्थान पर राम दरबार के सियाराम ग्रुप तीसरे स्थान पर ऑनलाइन शॉपिंग के लिए सरगुजा समिति चौथे स्थान पर बब्बू बैगा गुरुचरण ग्रुप और पांचवें स्थान पर मिशन चंद्रयान सुनील केसरवानी ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। वहीं एकल में अंशिका को शबरी के रूप में प्रस्तुति देने पर विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया, इसके अलावा बहरूपिया प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

### बाइक भिड़ंत में घायल दो युवकों की मौत

**बलरामपुर।** जिले के राजपुर क्षेत्र में हुई बाइक भिड़त की घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुखरी निवासी 28 वर्षीय विशाल पांडेय 6 जनवरी को खोड़रो की ओर से अकेले ही बाइक पर घर जा रहा था। इसी बीच लुंड्रा विकासखंड के नागम बांसपारा निवासी संजय यादव अपने साथी सीरु नगेशिया के साथ बाइक से सादू के घर से वापस अपने घर लौट रहा था। देर शाम खोड़रो मुख्य मार्ग पर दोनों बाइक सवारों के बीच भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात विशाल पांडेय व संजय यादव को मौत हो गई। वहीं सिरु नगेशिया की हालत नाजुक बताई जा रही है।

8- Jan Coriya bhoomi pg 2_Layout 1 1/8/2024 8:22 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बेहद खूबसूरत अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन नहीं रही, फैंस हुए उदास



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था। कैडीशैक के अलावा सिंडी मॉर्गन ट्रॉन और फाल्कन क्रेस्ट जैसी फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए भी जानी जाती थीं। सिंडी मॉर्गन 80 और 90 के दशक की शुरुआत में कई टीवी श्रृंखलाओं में भी नजर आईं, जिनमें 'ब्रिंग', 'एम बैक अलाइव', 'हवाईयन हीट', 'मास्करेड', 'द फॉल गाइ', 'टफ कुकीज', 'बेवर्ली हिल्स बंट्ज', 'फाल्कन क्रेस्ट', 'मैटलॉक', 'मैनकुसो', 'एफबीआई', 'हंटर' और 'द लैरी सैंडर्स शो' शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 1985 में आई 'द मिडनाइट' ऑवर', 'सोलोमन यूनिवर्स', 1995 की 'डेड वीकेंड', 'अमांडा एंड द एलियन' और 'आउट' जैसी टीवी फिल्मों में भी काम किया। 'कैडीशैक' और 'ट्रॉन' के साथ मॉर्गन के फिल्म क्रेडिट में 1979 की 'अप योर्स', 1995 की 'गैलेक्सिस' और 2006 की 'ओपन माइकर्स' शामिल हैं। उन्होंने आखिरी बार 2022 में आई इंडी फिल्म 'फेस ऑफ द ट्रिनिटी' में मेसन की मां को आवाज दी। अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में 'कैडीशैक' के लिए ऑडिशन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'कैडीशैक मेरी पहली फिल्म थी और मैं कहूंगी कि अंतिम प्रोडक्ट बिल्कुल अलग था। यह मूल रूप से कैडीज के बारे में था, इसलिए पहले मेरे पास करने के लिए कुछ भी नहीं था। पहले मैं ऑडिशन में हार गई। यह मजेदार था।'

### टॉलीवुड

## मुश्किलों में आई विग्नेश शिवन की फिल्म, नाम को लेकर आपत्ति



**चेन्नई।** फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन की फिल्म एलआईसी (लव इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) को कथित तौर पर इसके शीर्षक उपयोग को लेकर बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम से नोटिस मिला है। हाल ही में एक रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार नोटिस में कहा गया है कि बीमा कंपनी नहीं चाहती कि फिल्म की टीम इसके शीर्षक के साथ आगे बढ़े। बताया जा रहा है कि नोटिस में यह भी कहा गया है कि अगर मेकर्स अगले सात दिनों के भीतर फिल्म का नाम नहीं बदलते हैं तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल विग्नेश और टीम ने अभी तक इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। लव इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन में अभिनेता और फिल्म निर्माता प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में एसजे सूर्या भी महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। इसकी घोषणा पिछले साल दिसंबर में की गई थी। विग्नेश ने मुहर्त की तस्वीरें साझा की थीं। साथ ही, कैप्शन में उन्होंने भगवान और पूरे ब्रह्मांड को धन्यवाद दिया था। एलआईसी में विगेश शिवन, प्रदीप और कृति एक साथ पहली बार काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण सेवन स्क्रीन स्टूडियो और राउडी पिक्चर्स की ओर से किया जा रहा है। फिल्म का संगीत लोकप्रिय संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया जा रहा है, जो पहले भी कई बार शिवन के साथ काम कर चुके हैं। वहीं, इसके छायांकन की जिम्मेदारी रवि वर्मन के पास है।

### छॉलीवुड

## 'हण्डा' में दिखेगा अमलेश का अभिनय, लेखन और निर्देशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर यूट्यूबर अमलेश नागेश इन दिनों लगातार सुर्ख्रियों में है। हाल ही में उनकी फिल्म 'गुईयां' ने दर्शकों के बीच पैठ बनाई। अब नए साल में अमलेश नागेश का 'भैरा कका' के अवतार में 'हण्डा' का पोस्टर धूम मचा रहा है। एन माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर में बन रही 'हण्डा' में अमलेश नागेश न सिर्फ खास भूमिका में दिखेंगे बल्कि उन्होंने इस फिल्म में लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी भी निभाई है। नए साल पर निर्माता मोहित कुमार साहू ने सोशल मीडिया में भैरा कका 'हण्डा' का पोस्टर साझा करते हुए यह खुलासा किया है। छत्तीसगढ़िया सिनेमा के शो मैन सतीश जैन की ले सुरू होगे मया के कहानी में बतौर नायक काम कर चुके अमलेश नागेश अब उनकी अगली फिल्म मोर छइंहा भुंइया-2 में भी नजर आएंगे। यह फिल्म मई में रिलीज होने की संभावना है। इधर ऐसी जानकारी मिली है कि 'हण्डा' को इस साल के अंत तक रिलीज होगी।



लाइफ स्टाइल

पेरिस का जादू

> पेरिस हाउते कॉउचर की खुमारी अभी उतरी नहीं है। यहां फैंस को दो विरोधी सीमाओं के बीच अदभुत संतुलन देखने मिला। एक विशाल चमकदार उत्सव में हार्मोनिक ओवरटोन के साथ खास डिजाइन फैंस को देखने मिले। डिजाइनर शिआपरेल्ली ने यहां अपने कुछ सबसे सनसनीखेज कलेक्शन का प्रदर्शन किया। सबसे ज्यादा इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली काइली जेनर ने भी इवेंट में इनमें से एक परिधान पहना था। शो के समापन पर रॉबर्ट वुन की गॉथिक हाउते कॉउचर की शुरुआत ने समां बांध दिया।

## घर में रखी चीज़ों से साफ करें पैरों का कालापन



पैरों के कालेपन का असर हमारी पर्सनेलिटी पर पड़ता है इसलिए इसे रिमूव करना जरूरी है। अक्सर बदलते मौसम और तेज धूप की वजह से पैरों में टैनिंग होने लगती है, जिसकी वजह से पैर अजीब से नजर आते हैं। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से इनका ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि तभी आप कालेपन को दूर कर पाएंगी और पैरों की रंगत बरकरार रख पाएगी। इसके लिए आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीके को जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लें। अब इसमें कॉफी मिक्स करें। इसके बाद इसमें इनो डालें। नीबूं के रस को एड करें और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे पैरों पर अप्लाई करें। फिर हल्के हाथों से रब करें। इससे आपको 15-20 मिनट (मेकअप टिप्स) तक करते रहना है। इसके बाद थोड़ी देर इसे पैरों में लगा रहने दें। फिर पानी से पैरों को साफ कर लें। इस तरीके से आपके पैर साफ नजर आने लगेंगे। आप इस तरीके के हफ्ते में 1 बार जरूर ट्राई कर सकती हैं। कॉफी के इस्तेमाल से आपके पैरों की डेड स्किन साफ हो जाएगी। जिससे उनका (जंवा दिखने के लिए ब्यूटी टिप्स) रंग साफ नजर आएगा। नींबू भी टैनिंग को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग में होता है फर्क



जब हेयर ट्रीटमेंट की बात होती है तो हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग काफी पॉपुलर है। ये दोनों ही ट्रीटमेंट बालों को नरिश्ड करते हैं और उन्हें गहराई से पोषण देते हैं। जिससे बाल अधिक स्मूथ व सिल्की नजर आते हैं। अमूमन हम उन दोनों को एक ही समझते हैं, लेकिन वास्तव में वे दोनों अलग होते हैं। हॉट ऑयल ट्रीटमेंट आपके बालों को एक नरिशमेंट देता है और रूखेपन को कम करता है। जिसके कारण बालों के टूटने व स्प्लिट एंड्स की समस्या को काफी हद तक मैनेज किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हॉट ऑयल ट्रीटमेंट के कारण आपके बाल अधिक मजबूत बनते हैं। डीप कंडीशनिंग बालों की केयर करने का एक आसान तरीका है। यह बालों को गहराई से पोषण देने और उसे मॉइश्चराइज़ करने (हेयर केयर टिप्स) में मदद करता है। अगर आपके बाल रूखे, डैमेज्ड या फिर केमिकल ट्रीटेड है तो आपको डीप कंडीशनिंग का सहारा लेना चाहिए। यह आपको बालों को फिर से मॉइश्चराइज करके हेयर फॉल की समस्या को दूर करता है।

## डेनिम जैकेट में आपको दिखना है स्टाइलिश, तो फॉलों करें ये टिप्स



फैशन

बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए हम अक्सर अपने वॉर्डरोब को अपडेट करते हैं ताकि स्टाइलिश लग सके। लेकिन स्टाइलिश लगना इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स का ध्यान रखें ताकि आप जब भी कुछ वियर करें तो वो पहनने के बाद आपके ऊपर अच्छा लगे। डेनिम जैकेट को भी अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं।

**साड़ी के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट:** साड़ी के साथ जरूरी नहीं की आप लॉन्ग कोट या फिर कार्डिगन को वियर करें आप इसके साथ डेनिम जैकेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। ये स्टाइलिश लगती हैं साथ ही इन्हें पहनने के बाद ठंड भी कम लगती है। बस आपको अपनी पसंद के हिसाब से डेनिम जैकेट खरीदनी है और उसे वियर करना है। आप चाहे तो चुन्नी की तरीके से पल्ले को स्टाइल करके इसे वियर कर सकती हैं वरना पीछे पल्ले के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं।

**ड्रेस के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट:** अगर आप किसी पार्टी या फिर कहीं जानें के लिए ड्रेस पहन रहीं हैं और ऊपर कुछ वियर करना चाहती हैं तो डेनिम जैकेट (स्टाइलिंग टिप्स) को स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए भी इसे वियर किया जा सकता है। इसके लिए आप डबल शेड वाली डेनिम जैकेट या फिर पैच वर्क वाली जैकेट ले सकती हैं इससे लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लगता है। मार्केट में आपको ये 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**जंपसूट के साथ स्टाइल करें जैकेट:** आजकल अलग-अलग डिजाइन के जंपसूट आपको मिल जाते हैं जिन्हें आप किसी भी पार्टी या फिर डेली वियर में स्टाइल कर (फैशन हैक्स) सकती हैं। ऐसे में आप चाहे तो इसके ऊपर भी डेनिम जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए लॉन्ग जैकेट न खरीदें बल्कि आप शॉर्ट जैकेट खरीदकर इसे वियर करें इससे आप और ज्यादा सुंदर लगेंगी। मार्केट में आपको य 200 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इन तरीकों के अलावा आप अन्य तरीके से भी जंपसूट को स्टाइल कर सकती हैं ।इससे आपका लुक सुंदर ही नहीं सबसे अलग नजर आएगा।

## अब नहीं गिरेगा सिर पर से पल्लू जब आप ट्राई करेंगी ये हैक्स



अगर आपके घर में भी बड़ों से पल्ला किया जाता है तो ये हैक्स आपको ट्राई करना चाहिए। आज भी कई घर ऐसे हें जहां पर बहुएं अपने बड़ों से पल्ला करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहले से चली आ रही प्रथा जो है। इसे करना जरूरी होता है लेकिन कई बार साड़ी के फेब्रिक ऐसे आते हैं जिसमें सिर पर पल्लू टिकाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें।


### पल्लू को टिकाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आपको लंबा पल्ला प्लीट करके लेना है। फिर इसे सिर पर लगाना है। लेकिन इसके लिए आपको आगे की तरफ थोड़ा सा लंबा पल्ला लेना है। इसके बाद इसे फोल्ड करना है और टिकटॉक पिन से सेट करना है। अब उसी पल्ली को पीछे करना है लेकिन फोल्ड करके। इस तरीके से आपका पल्लू आसानी से आपके सिर पर टिक जाएगा। साथ ही आप इसके बाद किसी भी तरह की साड़ी आसानी से पहन पाएगी।

### पल्लू को पिन से करें सेट

अगर आपका पल्लू ज्यादा गिरता है तो इसे आप अपने बन के ऊपर पिन (वर्किंग वूमन के लिए हैक्स) की मदद से सेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पल्लू को जुड़े पर रखना है फिर बॉबी पिन की मदद से सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसे सिक्योर करने के लिए और बॉबी पिन लगाएं। इस तरीके से आपका पल्ला सिर पर सेट हो जाएगा और वो गिरेगा भी नहीं।

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को लाइफस्टाइल में कीजिए शामिल



'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे।इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं?

ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।


### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है।

कार्नर न्यूज


## चुनौतीपूर्ण करियर है महिलाओं के लिए भी

*आज के समय में कई मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर आप भी उन्हीं की तरह मेकअप आर्टिस्ट बनने का मन बना रही हैं तो पहले आपको कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। मेकअप करना हर लड़की को अच्छा लगता है। लेकिन ऐसे भी कई लोग होते हैं, जिन्हें सिर्फ मेकअप करना ही अच्छा नहीं लगता है, बल्कि वे इसमें अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। यकीनन यह एक बेहद ही आकर्षक करियर है, जिसमें आप अपनी क्रिएटिविटी को एक नए अंदाज में पेश कर सकते हैं। लोगों की खूबसूरती को निखारने का काम यकीनन आपको बेहद ही उत्साहित करता है। अमूमन लोग इस प्रोफेशन को बेहद ही आसान समझते हैं।*



## मेकअप आर्टिस्ट करियर चुनने से पहले जरूर जान लें ये बातें

### करनी पड़ती है रिसर्चिंग



एक मेकअप आर्टिस्ट का काम सिर्फ मेकअप करना ही नहीं होता है, बल्कि उसे कई अलग-अलग कंपनियों के प्रोडक्ट्स पर रिसर्च करनी पड़ती है। गलत तरह के प्रोडक्ट्स आपके करियर को बर्बाद कर देंगे। चूंकि, आपका क्लाइंट मेकअप के लिए अच्छा पैसा दे रहा है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें। मेकअप की क्वालिटी की पहचान के लिए आपको अलग-अलग ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को ट्राई करना होता है। इतना ही नहीं, आप प्रोफेशनल्स की मदद से भी यह समझ पाएंगे कि आपको किन प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना है।

### छुट्टियों का दिन तय नहीं


अमूमन लोग सोचते हैं कि मेकअप आर्टिस्ट बनना एक बेहद आराम का काम है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बार यह बहुत अधिक थकाऊ हो सकता है। खासतौर से, अगर आप बतौर फ्रीलांसर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहे हैं तो आपको अपने क्लाइंट के समय व जगह के अनुसार अपनी सर्विसेज देनी पड़ती हैं। यहां तक कि इसके लिए आपको कई बार बहुत अधिक ट्रैवल भी करना पड़ता है। आपकी छुट्टी का कोई दिन तय नहीं होता है। इस तरह के चैलेंजेस मेकअप आर्टिस्ट करियर में बेहद आम हैं।

### लगातार सीखने की जरूरत

कई बार लोग यह सोचते हैं कि अगर वे एक बार मेकअप आर्टिस्ट से जुड़ा कोर्स कर लेंगे तो इसके बाद वे एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट बन जाएंगे। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कोर्स करने के बाद भी आपको लगातार प्रैक्टिस करते रहने की जरूरत होती है। इतना ही नहीं, ब्यूटी इंडस्ट्री डायनामिक है और इसमें लगातार बदलाव होते रहते हैं। इसलिए, मेकअप आर्टिस्ट बन जाने के बाद भी आपको लगातार सीखते रहने की जरूरत होती है। नए प्रोडक्ट्स से लेकर तकनीकों व लेटेस्ट ट्रेन्ड के बारे में आपको जानने की आवश्यकता हमेशा ही पड़ती है।

8-JAN-JSP-BHOOMI-pg-3_Layout 1 1/8/2024 7:59 PM Page 1





# हादसे का शिकार होने से बचे नवाजुद्दीन...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही शैलेश कोलानू की 'सैंधव' से तेलुगु में डेब्यू करेंगे। फिल्म में उन्होंने विकास मलिक नाम के एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वे एक घटना का शिकार हो गए थे। उन्होंने कहा, हम श्रीलंका में शूटिंग कर रहे थे और मैं लगभग नाव से गिर गया था एक बड़ी लहर हमारे रास्ते में आई और मुझे लगभग गिरा दिया। मैं नाव से उछल गया। मैं भाग्यशाली था कि मुझे समुद्र की बजाय दोबारा नाव पर ही गिरा। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब कैमरे में कैद हुआ है।

लाइफStyle



# जाह्नवी इमेज को लेकर हुईं कॉन्शस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है।

बॉलीवुड में नई एक्ट्रेसेज की खेप में जाह्नवी कपूर को काफी टैलेंटेड माना जाता है। गुड लक जेरी, मिली और बवाल में उनके काम को क्रिटिक्स और जनता दोनों ने काफी सराहा था। अपनी एक्टिंग परफॉरमेंस के अलावा जाह्नवी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेजेंस से भी लोगों को खूब इंप्रेस किया है। अब जाह्नवी को लगता है कि उनकी सोशल मीडिया इमेज और ऑनस्क्रीन किरदारों में इस कंट्रास्ट का असर, उनके कम पर गलत तरीके से पड़ता है। एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने कहा है कि उन्हें ये पता ही नहीं था कि एक एक्टर के बारे में परसेप्शन बनाने के लिए सोशल मीडिया कितना खतरनाक हथियार है। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर तस्वीरें या वीडियो शेयर करना हंसी-खेल लगता था और उन्हें नहीं लगता था कि इससे उनके काम पर कोई असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है। जाह्नवी जल्द ही साउथ में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी अगली फिल्म जूनियर एनटीआर के साथ है, जिसका टाइटल देवरा है। ये फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम में 311 मिलीयन फॉलोअर्स

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन अक्सर अपने लुक्स और कर्वी फिगर को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह फैशन के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखती हैं। क्लो खुद को फिट रखने के लिए खूब एक्सरसाइज करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने वर्कआउट करते की अपनी कुछ तस्वीरें भी फैंस के साथ शेयर की हैं। बता दें क्लो कार्दिशियन हॉलीवुड इंडस्ट्री की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वह अपने काम के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है।



# म्यूजिक इंडस्ट्री में वापस नहीं आएंगी ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। स्पीयर्स ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, वह कहते हैं कि मैं एक नया एलबम बनाने की ओर रुख कर रही हूं, मैं म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी नहीं लौटूंगी। उन्होंने आगे कहा, जब मैं लिखती हूं तो मनोरंजन के लिए लिखती हूं या अन्य लोगों के लिए लिखती हूं। आप में से जिन लोगों ने मेरी किताब पढ़ी है, उनके लिए ऐसा बहुत कुछ है, जो आप मेरे बारे में नहीं जानते, मैंने पिछले दो वर्षों में अन्य लोगों के लिए 20 से अधिक गीत लिखे हैं।



# नयनतारा की फिल्म मुश्किल में फंसी...

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की फिल्म अन्नपूर्णी को रिलीज हुए एक महीना हो चुका है। लेकिन ये अब भी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म अब कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो चुकी है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। कहा जा रहा है कि मेकर्स के खिलाफ शिकायत तक दर्ज कराई गई है। एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्वीट कर सभी पॉइंट को शेयर किया। उनके मुताबिक फिल्म एंटी हिंदू है। हालांकि इस मामले में मेकर्स की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। बता दें अन्नपूर्णी एक तमिल फिल्म है, इसमें नयनतारा लीड रोल में हैं, उनके साथ जय, सत्यराज, कार्तिक कुमार और रेणुका लीड रोल में हैं। फिल्म एक शेफ की कहानी कहती है। एक एक्सीडेंट के बाद अन्नपूर्णी का टेस्ट बिगड़ जाता है।



# मनोज ने नहीं किया 14 साल से डिनर

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'किलर सूप' को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया से बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने अपनी फिटनेस और हेल्थ को लेकर कई खुलासे किए। अभिनेता ने खुद अपनी फिटनेस का राज खोलते हुए बताया कि उन्होंने पिछले 14 साल से रात को खाना नहीं खाया है। मनोज का मानना है, भोजन ही हमारा सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु भी है। मैंने रात को भोजन करना बंद कर दिया है और दिन में काफी संतुलित भोजन लेता हूं। मेरी फिटनेस में इसका बहुत बड़ा योगदान है। मनोज ने आगे कहा, मैंने अपने दादाजी को हमेशा दुबला-पतला और फिट ही देखा था। मैंने सोचा क्यों न फिट रहने के लिए मैं भी वही करूं, जो दादा जी करते थे। मैंने भी तय किया कि उन्हीं की तरह रात को खाना नहीं खाऊंगा।

## टीवी मसाला



# रुपाली ने किए महाकाल के दर्शन भस्म आरती में हुईं शामिल...

**मुंबई।** टेलीविजन एक्ट्रेस रुपाली गांगुली बिजी शेड्यूल से समय निकालकर भगवान के दर्शन करना नहीं भूलतीं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गजब की फैन फॉलोइंग है। इस बीच रुपाली गांगुली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भस्म आरती में शरीक होते नजर आ रही हैं। रुपाली गांगुली अक्सर महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाती हैं। वह बाबा भोले की बड़ी भक्त हैं। इस बार भी उन्होंने उज्जैन जाकर महाकाल के दर्शन किए। एक्ट्रेस के दर्शन का वीडियो सामने आया है, जिसमें रुपाली अन्य भक्तों के साथ बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। वह पूरी श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन करती नजर आ रही हैं। नए साल के शुरुआती महीने में रुपाली गांगुली बाबा का आशीर्वाद लेने और उनका धन्यवाद अदा करने पहुंचीं। आरती के बाद एक्ट्रेस ने गर्भ गृह जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके पहले रुपाली गांगुली ने एयरपोर्ट से कुछ फोटोज शेयर कीं। उनके चेहरे पर उज्जैन के महाकाल मंदिर जाने की खुशी साफ झलक रही है। रुपाली ने अपने पति और बेटे के साथ भगवान के दर्शन किए।

## वृशिका ने खरीदा नया घर

**मुंबई।** एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने बीते महीने दिसंबर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया से शादी रचाई थी है वहीं अब एक नया वीडियो



सामने आया है, जिसे वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने अपने नए घर की एक झलक दिखाई है, जिसमें वह पति के साथ रहने वाली हैं। शादी के करीब एक महीने बाद वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नए घर का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपने घर में रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "नई शुरुआत"। इस कपल ने अपनी शादी के बाद एक नया अपार्टमेंट खरीदा है और ये दोनों इसमें शिफ्ट भी हो चुके हैं। इसी वीडियो में वृशिका मेहता और सौरभ घेडिया ने अपने नए घर का होम टूर भी करवाया। घर के इंटीरियर की बात करें तो मिनिमलिस्टिक डिजाइन से काफी सुंदर लग रहा है। एक्ट्रेस ने अपना किचन और लिविंग एरिया भी दिखाया।

# 2024 में ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का, वेब सीरीज में डेब्यू करेंगे बड़े सितारे




**मुंबई।** साल 2023 में ओटीटी प्लेटफार्म्स पर कई कलाकारों ने डेब्यू किया। किसी ने ओटीटी फिल्म तो किसी ने वेब सीरीज के जरिए डिजिटल स्पेस में खाता खोला। इनमें करीना कपूर खान, काजोल, शाहिद कपूर, अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के नाम शामिल हैं। ओटीटी पर सितारों का ये कारवां इस साल भी सफर जारी रखेगा और 2024 में कई कलाकार वेब सीरीज डेब्यू करेंगे। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो फिल्मों के जरिए ओटीटी स्पेस में आ चुके हैं, मगर पहली बार वेब सीरीज कर रहे हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा :** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स ओटीटी स्पेस में नया धमाका करने वाली है। प्राइम वीडियो पर 19 जनवरी से स्ट्रीम हो रही है। निर्देशक रोहित शेट्टी इस सीरीज के साथ ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। सीरीज के लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा का यह वेब सीरीज डेब्यू है। हालांकि, ओटीटी स्पेस में उनकी पारी 2021 में आई फिल्म शेरशाह से हो चुकी है, जो प्राइम वीडियो पर ही रिलीज हुई थी।

**वरुण धवन :** वरुण धवन की पहली ओटीटी रिलीज 2020 में आई कुली नंबर वन है, जो प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साल वरुण वेब सीरीज डेब्यू कर सकते हैं। हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा ने लीड रोल निभाया था। वरुण इसके इंडियन चैप्टर सिटाडेल इंडिया में लीड रोल में हैं। उनके साथ सामंथा रूथ प्रभु भी हैं। सीरीज का निर्देशन राज निदिमोरु और कृष्णा डीके कर रहे हैं।

***अनन्या पांडेय :*** *ओटीटी पर अनन्या पांडेय का करियर 2020 में आई फिल्म काली पीली से हो गया था, जो जीप्लेक्स पर रिलीज हुई थी। ईशान खट्टर ने इसमें मेल लीड रोल निभाया था। इसके बाद गहराइयां और खो गये हम कहां ओटीटी पर चुकी हैं। मगर, इस साल अनन्या का बेव सीरीज डेब्यू भी हो सकता है।*

***प्राइम वीडियो की सीरीज कॉल मी बे में :*** *अनन्या लीड रोल निभा रही हैं। इस सीरीज का एलान पिछले साल मार्च में हुआ था। अनन्या शो में एक अरबपति फैशन आइकॉन का किरदार निभा रही हैं।*

***उर्मिला मातोंडकर :*** *सत्या और रंगीला जैसी कई हिट फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ने वालीं उर्मिला अब ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। तिवारी नाम की वेब सीरीज में उर्मिला एक्शन करती दिखेंगी। यह स्मॉल सिटी में रहने वाली एक मां-बेटी की कहानी है। इसे सौरभ वर्मा ने डायरेक्ट किया है।*

***वाणी कपूर :*** *यशराज फिल्म्स से अपने करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस वाणी कपूर अब क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। इस सीरीज का नाम मंडला मर्डर्स है, जिसे गोपी पुथरन ने डायरेक्ट किया है।*

# एनिमल की सक्सेस पार्टी में तमन्ना ने लूटी लाइमलाइट

**मुंबई।** एनिमल की सक्सेस पार्टी में फिल्म की कास्ट के साथ-साथ बॉलीवुड के कई सेलेब्स भी नजर आए।



पार्टी का हिस्सा एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया भी बनी। पार्टी में तमन्ना ने पूरी लाइमलाइट लूटी ली। इस मौके पर अदाकारा ब्लैक एंड व्हाइट कलर की स्टाइलिश ड्रेस में नजर आईं। पार्टी के लिए तमन्ना ने डीप नेक वाली टाइट ड्रेस को चुना था, जिसमें वो काफी जंच रही थीं। इस लुक के साथ एक्ट्रेस ने छोटा-सा मोतियों से बना बैग कैरी किया था।

तमन्ना इन दिनों अपनी लव-लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। पिछले काफी समय से एक्ट्रेस विजय वर्मा को डेट कर रही हैं।

# डॉक्टर बनना चाहती थीं 12वीं फेल की एक्ट्रेस ...



**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल इन दिनों चर्चा में हैं, फिल्म में विक्रांत मैसी ने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा का रोल प्ले किया है और मेधा शंकर ने आईआरएस श्रद्धा जोशी का रोल प्ले किया है। मेधा शंकर की सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया है। अब मेधा शंकर नेशनल क्रश बन गई हैं। मेधा शंकर नोएडा में रहती हैं और एक महाराष्ट्रीयन परिवार से हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेधा शंकर के पैशन की अगर बात करें तो वो असल जिंदगी में डॉक्टर बनना चाहती थीं और बहुत ही शांत स्वभाव की थीं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें ग्लैमर और एंटरटेनमेंट की दुनिया पंसद आने लगी। इसके बाद उन्होंने कई विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। बता दें, मेधा ने 2015 में आई शॉर्ट फिल्म 'विथ यू फोर यू ऑलवेज' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

# थंडेल का टीजर आउट, नागा चैतन्य का दिखा दमदार किरदार

**मुंबई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ था। वहीं अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में



अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 19 से रामपुर में

**चलगली।** क्षेत्र के रामपुर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रामपुर स्थित सजुवन पाट दुर्गा मंदिर परिसर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 19 से 22 जनवरी तक किया जा रहा है। चार दिवसीय महायज्ञ में 19 जनवरी को प्रातः 10 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी जबकि शाम 4.30 से 7.30 बजे तक आदिशक्ति गायत्री युग शक्ति गायत्री प्रज्ञा पुराण कथा महत्व पूजन किया जाएगा। 20 जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान प्रज्ञा योग, प्रातः 8 से 12 बजे तक देवआवाहन गायत्री यज्ञ आहुति, शाम 4.30 से 7.30 बजे तक संगीतमय प्रवचन एवं प्रज्ञा पुराण कथा, 21 जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक सामुहिक कजप, ध्यान प्रज्ञा योगव्यायाम, 8 से 12 गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार, शाम 4.30 से 7.30 तक संगीतमय प्रवचन एवं दीप यज्ञ, 22 जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान प्रज्ञा योग व्यायाम, प्रातः 8 बजे से यज्ञ युगतीर्थ, शांतिकुंज सन्देश, गायत्री महायज्ञ व 12 बजे से पूर्णाहुती प्रसाद वितरण एवं टोली विदाई किया जाएगा।

### कमलनयन अनुदान प्राप्त शिक्षक-कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक-कर्मचारी संगठन सरगुजा एवं बलरामपुर की संयुक्त इकाई का गठन बिशप हाउस के सभागार में किया गया। प्रांतीय पर्यवेक्षक अक्षय सिन्हा एवं संतोष सिंह की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष कमल नयन त्रिपाठी, सचिव निरंजन हालदार एवं कोषाध्यक्ष अजय यादव को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव में 30 विद्यालयों के लगभग 100 शिक्षक-कर्मचारी शामिल हुए।

### राजमोहिनी देवी पीजी कॉलेज का रासेयो शिविर प्रारम्भ

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयों इकाई का सात दिवसीय शिविर शनिवार को प्रारम्भ किया गया। शिविर में पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अनिल सिन्हा ने स्वयंसेवकों को रासेयों के उद्देश्यों एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डा.खालिद हुसैन ने शिविर में संचालित जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभाव के बारे में बताया।

### संकल्प यात्रा शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी

**लखनपुर।** सूदूर वनांचल ग्राम कुन्नी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, भईयालाल साहू, कृष्णा राठिया, रविशंकर, रामेश्वर यादव सुरेश बसोड, मुनदेव सिंह, शत्रुधन चौधरी, संजय साहू के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने मोदी सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान छोटे बच्चों तथा ग्रामीण कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## कन्या कॉलेज में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम

# कठिन परिश्रम से ही मिलती है सफलता


कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम में पहुंची अपर कलेक्टर नंदिनी साहू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में सोमवार को आईक्यूएसी के तत्वाधान में कैरियर गाईडेंस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर श्रीमती नंदिनी साहू उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुमित कुमार डे ने किया साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य, उसकी महत्ता एवं उसकी सार्थकता को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती नंदिनी साहू ने छात्राओं को कैरियर से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने माता-पिता के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और निष्ठावान होना चाहिए एवं अपने माता-पिता के किसी भी निर्णय का विरोध नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने खुद की सफलता के बारे में बताया कि उनकी प्रेरणा स्त्रोत उनकी मां ही रहीं। लगभग 8 वर्ष के कठिन संघर्ष के बाद ये मुकाम हासिल किया। उन्होंने बताया कि उनको आगे बढ़ाने में उनके पिता ने उनका पूरा सहयोग किया। छात्राओं को सफलता के मंत्र देते हुए कहा कि हमें हमेशा कठिन परिश्रम करना चाहिए और कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। एक निश्चित समय -सारणी बनाकर उसी के अनुरूप निरंतर रूप से अपने अध्ययन को जारी रखना चाहिए। महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा कैरियर गाईडेंस विषय पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब अपर कलेक्टर के द्वारा सरलता और सहजता से दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा अपर कलेक्टर को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती कनकलता पैकरा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टॉफ डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, बिक्की राम, देवेन्द्र मिश्रा, विनय गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, सुमित मिश्रा, श्रीमती सविता पैकरा, श्रीमती अल्का दुबे, कृष्ण कुमार, सुश्री नासमा बेगम, मो. अमजद, महेन्द्र कुर्रे, विपिन सिंह, भागवत प्रसाद साहू, नवनीत कुमार कश्यप, सत्येन्द्र सिंह पैकरा एवं चुन्नू उपस्थित रहे।



# एसडीएम ने अवैध रेत उत्खनन कर रहे वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ दो रेत लोड वाहनों को जयनगर थाने में कराया खड़ा

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी रेत का अवैध कारोबार में लगाम नहीं लगाई जा सकी है।रेत माफिया अब भी रेत के अवैध कारोबार में सक्रिय हैं।रेत के अवैध कारोबार चलने की सूचना पर शनिवार शाम नवपदस्थ एसडीएम सुरजपुर आई ए एस लक्ष्मण तिवारी ने नायब तहसीलदार मानी हिना टंडन के साथ राजापुर रेड नदी पहुँचे तो देखा कि दो मिनी ट्रक रेत लोड कर निकल रहे है, इनको रोकने के दौरान वाहनों के चालकों ने गाड़ी को लॉक कर मौके से भाग निकले।दोनों वाहन बिना नम्बर के थे।इसके अतिरिक्त दो अन्य ट्रेक्टर रेत लोड हालत में जयनगर पुलिस के अभिरक्षा में सौंपा गया है।

### दो माह पहले भी हुई थी कार्रवाई

बता दें कि दो माह पूर्व इसी रेत घाट में अठारह से बीस वाहन मध्य रात्रि में रेत परिवहन में लगे थे। तब कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुखबिर की सूचना पर एसडीएम को भेजकर कार्यवाही कराई थी, इसमें दस से अधिक रेत लोड वाहनों को जप्त कर जयनगर थाने खड़ी कराया गया था। उक्त मामले में जप्ती कार्यवाही के दौरान थाने में खड़ी कराई गई आठ से दस वाहन अब तक छूट नहीं पाई हैं।

# नींव रखने के बाद बंद पड़ा है महामाया प्रवेश द्वार के निर्माण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के साथ ही जिले की आस्था के प्रतीक महामाया मंदिर के भव्य प्रवेश द्वार का मामला ठंडा पड़ गया है। धूमधाम से भूमिपूजन किए जाने के बाद द्वार निर्माण के लिए नींव तो रख दी गई लेकिन इसके बाद द्वार के निर्माण का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। द्वार निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा कॉलम में छड़ डालकर छोड़ दिया गया है जिससे निर्माण कार्य महीने भर से रुका हुआ है। निर्माण में लेटलतीफी व अधिकारियों की उदासीनता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है।

बता दें कि महामाया मंदिर सरगुजा के लिए आस्था का केंद्र है और इस मंदिर के लिए एक भव्य प्रवेश निर्माण की मांग जनता द्वारा की जा रही थी। प्रवेश द्वार निर्माण को लम्बे समय तक राजनीति भी चली। इस बीच प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंजूर करते हुए 49.30 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद प्रवेश द्वार का ड्राइंग डिजाइन तैयार किया गया और इसे मंजूरी मिलने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, मेयर डॉ. अजय तिर्की व कांग्रेस, भाजपा के प्रतनिधियों व आम नागरिकों की मौजूदगी में 27 सितंबर को महामाया मंदिर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था। भूमिपूजन के बाद उम्मीद जगी थी कि जन भावनाओं के अनुरूप मंदिर के प्रवेश निर्माण का कार्य तेजी से होगा लेकिन टेंडर जारी होने व भूमि पूजन के बाद ठेकेदार सिर्फ नींव खोदने के बाद सिर्फ छड़ डालकर छोड़ दिया है।


महामाया प्रवेश द्वार। जिसका निर्माण कार्य माह भर से रूका हुआ है।

### अब तक नहीं आए राजस्थान के सैंड स्टोन

बता दें कि महामाया प्रवेश द्वार निर्माण में राजस्थान के सैंड स्टोन का भी उपयोग किया जाना है। प्रवेश द्वार का निर्माण कुल 53.29 लाख रुपए की लागत से नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित किया जाएगा। भव्य प्रवेश द्वार की ऊंचाई 34 फीट रखी गई है व निर्माण के बाद प्रवेश द्वार से 23 फीट की ऊंचाई का ग्राउंड क्लियरेंस मिलेगा। वहीं इस द्वार की कुल चौड़ाई 60 फीट रखी गई है जिसमें दोनों तरफ दो दो कॉलम होंगे। इसके साथ ही द्वार से 40 फीट की चौड़ाई में रास्ता मिलेगा। प्रवेश द्वार में राजस्थान के पिंक सैंड स्टोन का उपयोग किया जाना है लेकिन अभी तक पिंक सैंड स्टोन की सिर्फ एक ही खेप आ पाई है जबकि इसके कारीगर भी अब तक सरगुजा नहीं पहुंच पाए है और अधिकारी निर्माण में देरी के पीछे की मुख्य वजह यही बता रहे है लेकिन इस तरह की देरी का असर प्रोजेक्ट पर पड़ता नजर आ रहा है।

### दिए गए है निर्देश

महामाया प्रवेश द्वार का निर्माण हमारी प्राथमिकता में है। निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. अजय तिर्की

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

# फाइनल मैच जीत सपकरा की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम मानी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला हर्रा टिकरा व सपकरा के मध्य खेला गया जिसमें सपकरा की टीम जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। सपकरा की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 91 रन बनाकर हर्रा टिकरा की टीम को 92 रनों का लक्ष्य दिया।

इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी हर्रा टिकरा टीम मात्र 51 रन पर सिमट कर रह गई जिससे सपकरा की टीम ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि संत सिंह ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। जब तक ओवर के आखिरी गेंद फेंक नहीं लेते तब तक किसी भी टीम को हार नहीं मानना चाहिए। दोनो ही टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन कर खेल भाव से खेला। फाइनल मैच में हार जीत नहीं बल्कि विजेता उपविजेता होती है। अतिथियों ने विजेता टीम को 15 हजार व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 8 हजार व शील्ड देकर सम्मानित किया।


अतिथियों के साथ खिलाड़ी।

### नारायणपुर प्रीमियर लीग पर खड़गवां टीम का कब्जा

**रामानुजनगर।** नारायणपुर प्रीमियर लीग सीजन 4 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच भैयाथान व बांसापारा टीम के मध्य खेला गया जिसमें भैयाथान की टीम सिरमौर बनी। नारायणपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आमापारा में किया गया था। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें भैयाथान की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम बांसापारा को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि संत सिंह ने कहा कि टेनिस बॉल क्रिकेट का विस्तार व्यापक रूप से गांव गांव तक फैला है जो युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ते रुझान का परिणाम है। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने ग्रामीणों की मांग पर विधायक भूलन सिंह से चर्चा उपरांत स्टेडियम व मंच निर्माण की घोषणा की गई। विजेता टीम 25 हजार व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 15 हजार व शील्ड देकर अथितियों ने सम्मानित किया। इस दौरान दीपक गुप्ता,जय प्रकाश उपाध्याय, मुकेश साहू, प्रमिला साहू, जगपति साहू, सीता देवी, विजय साहू, रामकृष्ण साहू, रामविलास साहू, हेमचंद्र प्रजापति, बिहान साय, सोपाड़ी लाल राजवाड़े, अमरजीत साहू, शुभम महंत, मोनू ,विक्की, इरफान, भोला, आशिक अंसारी, राजा हशन,उमेश, प्रदीप, इकबाल, विष्णु, पवन, दीपक, प्रियेश, लोचन, दुर्गा, लकेश्वर, दीपक सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## 37 हाथियों का दल पहुंचा कल्याणपुर जंगल

**बिश्रामपुर।** सरगुजा व बलरामपुर जिले के सरहद पर एक बार फिर से हाथियों का उत्पात देखने को मिल रहा है।जहां हाथियों ने कई एकड़ में लगे गन्ने और गेहूं की फसलों को खाकर नुकसान पहुँचाया है साथ ही किसानों के घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर इलाके में 37 हाथियों का दल आ गया है। हाथियों का दल बीती रात वन परिक्षेत्र सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पहुंचकर खेत में लगे करीब 10 एकड़ से ज्यादा भूमि पर लगे गन्ना व गेंहू के फसल को बर्बाद कर दिया है। साथ ही हाथियों के दल द्वारा गांव के ईश्वर प्रसाद के घर को भी उजाड़ दिया है, जबकि इस दौरान पूरा परिवार घर में सो रहा था। हाथियों की आवाज सुनकर परिवार सहित ईश्वर सिंह ने किसी प्रकार घर से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग मौके पर पहुंचकर अब नुकसान हुए फसल एवं मकान का अवलोकन शुरू कर दिया है। बहरहाल हाथियों का कहर से ग्रामीणों के सिर से छत और उनके मेहनत से उगाई गई फसलें चौपट हो रही है।

## एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

**लखनपुर।** रविवार की देर शाम एनएच 130 पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस द्वारा मामले में ट्रक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम नवापारा निवासी 45 वर्षीय फेकू राम राजवाड़े अपने साथी विशेष राम राजवाड़े के साथ बाइक से भिट्ठीकला स्थित सुसराल से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान देर शाम 6.30 बजे एनएच 130 पर रजपुरी ग्राम में तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर में फेकूराम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विशेष राम गंभीर रूप से घायल हो गया।

## 12वीं बटालियन के जवानों ने किया रक्तदान



**रामानुजगंज।** जिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला और एक मासूम जो कि थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित है और दोनों को रक्त की आवश्यकता थी। इधर रक्तदाता सेवा समिति के माध्यम से जानकारी मिलने पर आनंद गुप्ता के नेतृत्व में बारहवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र सिंह तोमर व बारहवीं बटालियन के आरक्षक उमेश कुमार ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

## पेज 1 का शेष

### गेज नदी तट ...

जानी है। हद तो ये है कि नगर पालिका के सेंटर कचरा प्रोसेसिंग के लिए खरीदी गई लाखों रुपए की मशीनें भी बंद पड़ी हैं। नदी के स्वच्छता के प्रति जिला व नगरीय प्रशासन बड़ी लापरवाही बरत रहा है। **नदी को गंदगी व अतिक्रमण मुक्त करना जरूरी**-देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने कहा कि जीवनदायिनी गेज नदी की सफाई को लेकर समिति ने 2 महीने पहले जिला प्रशासन से मांग की थी। कलेक्टर की पहल पर नगर पालिका व शहरवासियों के सहयोग से नदी की सफाई की जा रही है। नदी को गंदगी व अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन व शहरवासियों को आगे आने की जरूरत है।

### महिलाओं ने बेचा ...

के ग्राम पंचायत मझगवां स्थित ग्रामीण औद्योगिक पार्क में गोबर पेंट ईकाई का संचालन समूह के माध्यम से किया जा रहा है और यहां अब तक 6 हजार 850 लीटर गोबर पेंट का उत्पादन समूह से जुड़ी महिलाओं ने किया है। गोबर पेंट विक्रय से अब तक 14 लाख 80 हजार रूपए का व्यवसाय प्राप्त हुआ है और महिला समूह को अब तक 3 लाख 10 हजार रूपए का लाभ अर्जित हुआ है। इसी तरह यहां पेपर कप बनाने वाले समूह को अब तक एक लाख दस हजार रूपए की आय प्राप्त हो चुकी है। समूह की महिलाओं ने 7500 से ज्यादा बोरी बनाकर यहां लगभग 70 हजार रूपए की आय प्राप्त की है। सीइओ ने बताया कि अविभाजित कोरिया जिले के अन्य रीपा केन्द्रों में भी निरंतर आजीविका गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है और ग्राम पंचायत की देखरेख में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं के द्वारा स्वरोजगार मूलक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इन सभी रीपा केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और उनके देखरेख में समूह की महिलाएं कार्य कर रही है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ...

के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित की जाती है। विदित हो कि जिला कोरिया के तहत शेष पीडब्लूएल 2600, आवास प्लस 10871 का आवास स्वीकृत होना है एवं जिला मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत शेष पीडब्लूएल 3744, आवास प्लस-10795 का आवास स्वीकृत होना है।मोबाइल नंबर पर करें शिकायत-पीएम आवास काम में भ्रष्टाचार, रिश्वत या रूपए मांगे जाने पर 9407788366 पर कार्यालयीन दिवस व समय पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आवास स्वीकृति कराने के लिए किसी अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि आदि को किसी प्रकार की रिश्वत नहीं देना है और यदि किसी के द्वारा योजना का लाभ दिलाने के लिए किसी प्रकार की राशि की मांग की जाती तो निःसंकोच उक्त नंबर पर कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जिला पंचायत सीइओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने हितग्राहियों से अपील है कि अपने परिवार का स्वीकृत आवास समय पर पूर्ण कराएं।

### एकल में वीर ...

संदेश देते प्रतिभागी नजर आए। प्रतियोगिता में छग के अलावा पड़ोसी राज्य से भी प्रतिभागी पहुंचे। कई कलाकारों ने छग सुआ नित्य व राजस्थान की कला पर अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, भाजपा नेता डॉ. राकेश शर्मा, कोरबा से आए पूर्व महापौर योगेश लाम्बा, पूर्व महापौर मनेन्द्रगढ़ राज कुमार केशरवानी,ब्लाक अध्यक्ष सुभाष कश्यप, राकेश परासर, राम पथ गमन मनोज चतुर्वेदी, उपस्थित रहे। समूह में प्रथम पुरस्कार हीट एण्ड रन, द्वितीय राम दरवार, तृतीय सरगुजा समिति, चतुर्थ गुरुचरन गुरप और पांचवां जय जवान ग्रुप तथा एकल में प्रथम पुरस्कार अदित्य सिंह धमतरी ,द्वितीय अर्जुन जायसवाल, तृतीय थूनेस्वर रजक, चतुर्थ आचमन सिंह एवं पांचवां हरिराम यादव सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगता के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सीएसपी टीआई दीपेश सैनी सहित डॉ.आरएस यादव,डॉ. महंथ सहित स्वास्थ विभाग की टीम सक्रिय रही। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि छोटे पैमाने में प्रतियोगिता शुरू हुई थी, जो आज काफी बड़ा रूप ले चुकी है। हर साल जिला यूथ क्लब इस प्रतियोगिता के जरिए समाज को संदेश देने का काम करता है। कार्यक्रम में सभापति श्रीमती गायत्री बिरहा, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, योगेश लांबा, डॉ.राकेश शर्मा, कीर्ति बाशो रावल, अनिल सिंह, अरुणोदय पांडे, सुभाष कश्यप, डॉ.राजीव सिंह, निटू कोहली उपस्थित रहे।

**//अनावेदक को समन//**
**न्यायालय-व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला कोरिया (छ.ग.)**

व्य.वाद.क्र. 31A/2022
प्रो.नं.- 11/24, 12/24, 13/24
पेशी- 29.01.24

प्रिया यादव प्रति शिवनन्दन
प्रति,
(1) शिवनन्दन आ. भोन्दू, उम्र करीब 60 वर्ष, जाति-अहीर,निवासी-ग्राम तेन्दुआ, तहसील-पटना, जिला-कोरिया (छ.ग.)
(2) गोरखनाथ यादव आ. शिवनन्दन उम्र करीब 46 वर्ष जाति-अहीर, निवासी-ग्राम तेन्दुआ, तहसील-पटना, जिला-कोरिया (छ.ग.)
(3) हेमन्त कुमार आ. शिवनन्दन उम्र करीब 43 वर्ष, जाति-अहीर, निवासी-ग्राम तेन्दुआ, तहसील-पटना, जिला-कोरिया (छ.ग.)

उक्त प्रकरण के विषय से संबंद्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष तारीख 29/01/2024 को दिन में 11:00 बजे हाजिर हो। उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी हेतु उपस्थित हो यदि पेशी के नियत दिनांक को कोई आकस्मिक अवकाश होने की दशा में आगामी दिनांक को न्यायालय खुलने पर उपस्थित हो। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय विचारण किया जायेगा।

यह आज तारीख 03.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगकर दी गई।

**(राजेश खलखो)**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला कोरिया (छ.ग.)**







